प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्री परिषद की बैठक में 13 प्रस्तावों को मिली मंजूरी : पीआरडी जवानों का भत्ता 395 से बढ़ाकर 500 रुपए करने पर लगी मुहर।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ पर लाभार्थियों से किया संवाद : कहा– युवा उद्यमियों को सशक्त बना रही है योजना।
3. प्रधानमंत्री के वाराणसी दौरे को लेकर आज एसपीजी की टीम ने परखी सुरक्षा : कार्यक्रम स्थल और रूट का निरीक्षण कर दिये जरूरी दिशा निर्देश। और
4. प्रदेश में आज से शुरू हुआ वन और वन्य जीव सुरक्षा माहः पर्यावरण राज्यमंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने कहा– जंगलों के साथ वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए उठाए जाएंगे विशेष कदम।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई प्रदेश मंत्री परिषद की बैठक में 13 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में अयोध्या में दृष्टि बाधित और मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए बचपन डेकेयर बनाने के

लिए भूमि अधिग्रहण को मंजूरी दी गई। इसके अलावा पीआरडी जवानों का भत्ता 395 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई हैं। इसका लाभ प्रदेश के लगभग 34 हजार पीआरडी जवानों को मिलेगा।

बाइट.....

*प्रस्ताव संख्या तीन है। जनपद अयोध्या में तीन से सात वर्ष आयु वर्ग के श्रवण बाधित दृष्टिबाधित एवं मानसिक मंदिर छात्रों ने बचपन डे केयर सेंटर की स्थापना है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अयोध्या को हस्तांतरित किए जाने पर मंत्रिपरिषद ने सहमति प्रदान कर दी है। प्रांतीय रक्षक दल स्वयं सेवकों की ड्यूटी भत्ता बढ़ा दिया गया है। तीन सौ पचानवे रुपए अभी तक मिलते थे। अब पाँच सौ रुपए कर दिए गए हैं।*

मंत्री परिषद की बैठक में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सहकारी समितियां और पंचायत लेखा परीक्षा सेवा नियमावली 2025 पुनर्गठन के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली है। श्री खन्ना ने बताया कि अयोध्या में 300 बेड वाले अस्पताल के निर्माण और हाथरस में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तानांतरण पर भी मंत्रिमंडल ने मुहर लगाई है।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को दवाओं के निर्माण और परीक्षण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए फार्मास्यूटिकल सेक्टर के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया को मंजूरी दी है। इसके लागू होने से प्रदेश में दवाओं के उत्पादन और परीक्षण की प्रक्रिया को व्यवस्थित किया जा

सकेगा। इस पहल के तहत 9.50 करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति दी गई है जिससे प्रदेश में दवाओं के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। एसओपी के लागू होने के साथ ही, राज्य के 20 चिकित्सा संस्थानों ने दवाओं के क्लिनिकल ट्रायल्स की प्रक्रिया को भी स्वीकृति दे दी है। यह संस्थान अब अपनी सुविधाओं में इन ट्रायल्स को संचालित करेंगे और इसके लिए उचित प्रशिक्षण और मानक संचालन प्रक्रियाएं भी तैयार कर ली गई हैं। यह कदम प्रदेश के फार्मा क्षेत्र को वैश्विक मानकों के अनुसार तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ पर आज इस योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के तहत देश भर में बिना किसी गारंटी के 33 लाख करोड़ रूपये का ऋण उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, उन्हें आत्मविश्वास से भरना और रोजगार मांगने के बजाय रोजगार देने वाला बनने की क्षमता प्रदान करना है। बाइट...

*मुद्रा योजना ये कोई मोदी की वाहीवाही के लिए नहीं है। मुद्रा योजना मेरे देश के नौजवानों को अपने पैरों पर खड़े रहने की हिम्मत और उनका हौसला बुलंद होता चले मैं रोजी रोटी कमाने के लिए क्यों भटकूंगा। मैं दस लोगों को रोजी रोटी दूंगा। ये मिजाज पैदा करना है।*

मुद्रा योजना के तहत सबसे अधिक लोन देने वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश दूसरे नम्बर है। प्रधानमंत्री से संवाद करत हुए रायबरेली की लाभार्थी मनीषा रावत ने कहा कि मुद्रा योजना से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। बाइट...

*आपके सामने एक बहुत छोटे शहर रायबरेली की महिला व्यापारी खड़ी है जो इस बात का प्रमाण है कि आपके सहयोग और समर्थन से जितना फायदा एमएसएमई को हो रहा है मेरे लिए बहुत ही भावनात्मक समय है यहाँ पे आना और हम आपसे वादा करते हैं कि हम भारत को विकसित भारत मिलकर बनाएँगे जिस तरीके का आप सहयोग और बिल्कुल बच्चों की तरीके ट्रीट कर रहे हैं आप एमएसएमई को चाहे हमें लाइसेंस लेने में जो प्रॉब्लम्स आती थी गवर्नमेंट से वो नहीं होती है।*

मेरठ के व्यापारी अजीत शर्मा ने मुद्रा योजना से मिली मदद के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। बाइट.....

*मैं समझता हूं कि यह योजना नये जो स्टार्टअप कर रहे हैं, जो नए व्यापारी हैं, युवा हैं, सभी के लिए बहुत उपयोगी है। इससे हम अपने परिवार के लिए जो सपने देखते हैं उनको पूरा करने में हमें बहुत सहयोग मिलता है। सरकार द्वारा उठाए गए इस कदम की मैं सराहना करता हूं।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पीएम मुद्रा योजना उभरते उद्यमियों को सशक्त बनाने, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत को हकीकत बनाने की एक मज़बूत कड़ी है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सूक्ष्म और छोटे उद्यमों को 20 लाख रुपये तक का ऋण बिना गारंटी प्रदान करती है। पिछले दस वर्षों मे इस योजना के तहत 52 करोड़ से अधिक ऋण

स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी राशि लगभग 33 लाख करोड़ रुपये है।

——————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 अप्रैल को प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर आज एसपीजी की टीम वाराणसी पहुंची। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले इस टीम ने उनके कार्यक्रम स्थल और आवाजाही के रूट का निरीक्षण किया। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी के प्रस्तावित दौरा को लेकर तैयारियां तेज़ी से पूरी की जा रही हैं। आज वाराणसी पहुंची एसपीजी की टीम ने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। मेंहदीगंज स्थित प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल पर मंच और पंडाल बनाने, हेलीपैड निर्माण और वाहन पार्किंग आदि की व्यवस्था का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है। इसके साथ ही जनसभा स्थल पर एसीपी राजातालाब के नेतृत्व में फोर्स तैनात कर दी गई है। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार कल प्रधानमंत्री की*

*जनसभा स्थल का निरीक्षण करने के साथ तैयारियों को पर खेंगे। प्रधानमंत्री एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र काशी को करीब 3884 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

——————

केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने आज अपने संसदीय क्षेत्र पीलीभीत के रानीगंज और बांसखेड़ा में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और लोक निर्माण विभाग की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने  जनसंवाद कार्यक्रमों मे लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए।

——————

प्रदेश का पर्यटन विभाग चित्रकूट में लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से पर्यटक सुविधाओं का विकास करेगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इसमें राम वन गमन पथ के मुख्य पड़ाव पर टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर, हवाई अड्डे के समीप देवांगना घाटी के बॉर्डर पर पर्यटक सुविधा केंद्र और डॉर्मिटरी का निर्माण शामिल है। साथ ही कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा देने में चित्रकूट का महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसे में सरकार की कोशिश है कि यहां आने वाले पर्यटक विशिष्ट अनुभव लेकर जाएं।

———————

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने आज लखनऊ में अवध प्रांत के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर गहन चर्चा हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि संघ अपने 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में समाज के बीच जाकर संवाद स्थापित करेगा। साथ ही संघ के योगदान और इतिहास को घर–घर पहुंचाने के लिए अक्टूबर से अभियान शुरू करेगा।

———————

प्रदेश में वन्य जीवों की रक्षा और प्रकृति की सुरक्षा के लिए आज से वन व वन्य जीव सुरक्षा माह की शुरुआत हो गई है। इसके तहत वन अपराधों पर अंकुश लगाने और वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर अभियान चलाये जाएंगे। प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉक्टर अरूण कुमार सक्सेना ने बताया कि इस माह में जंगलों के साथ वन्य जीवों की सुरक्षा की विशेष निगरानी की जाएगी। साथ ही वन क्षेत्र में अवैध कटान रोकने की भी विशेष कार्रवाई की जाएगी। बाइट.....

*इसके अंदर हमने ये किया है कि हम अपने जंगलों का और जंगल में रहने वाले वन्य जीवों की सुरक्षा करेंगे और इसके लिए पूरी रेगुलर मॉनिटरिंग होगी और तीन शिफ्ट में अलग अलग यहां से अधिकारी भी जाएंगे और सभी लोग जाएंगे। विभिन्न जंगलों में देखेंगे कि रात में पेट्रोलिंग हो रही है या नहीं हो रही है।*

————————

आईपीएल 2025 में आज चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम मोहाली में खेला जाएगा।

————————

मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी के कई जनपदों में कल के लिए गर्मी का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में आगरा, अलीगढ, औरैया, बुलंदशहर, इटावा और आसपास के ज़िलों में लू चलने का अनुमान है। हालांकि उसके बाद तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

————————